मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 94
मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## नए आपराधिक कानून से 'देरी से न्याय' खत्म: अमित शाह



**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राजस्थान में नए आपराधिक कानूनों पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जोर देकर कहा कि नए कानून समय पर, सुलभ और सरल न्याय सुनिश्चित करेंगे क्योंकि ये हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली को दंड के बजाय न्याय के आधार पर काम करने के लिए प्रेरित करेंगे। जयपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा कि भारत की न्यायिक प्रणाली ने न्याय में देरी करने की अपनी एक पहचान बना ली है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नया आपराधिक कानून इसमें बदलाव लाएगा।

अमित शाह ने कहा कि हमारी न्यायिक प्रणाली समय पर न्याय न देने के लिए बदनाम हो गई है। मुझे राजस्थान के लोगों को यह विश्वास दिलाते हुए पूरा विश्वास है कि तीन आपराधिक न्याय कानून समय पर, सुलभ और सरल न्याय सुनिश्चित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने जीवन को आसान बनाने के लिए कई बदलाव किए हैं। लेकिन इन कानूनों के लागू होने के साथ ही न्याय की सुगमता में भी महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। शाह ने कहा कि इन कानूनों के माध्यम से हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दंड के बजाय न्याय से प्रेरित होकर काम करेगी। इसे पूरे देश में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है और गृह मंत्रालय सभी राज्यों को सहायता और अनुवर्ती मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

न्याय प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के भाजपा के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री ने बताया कि 2027 के बाद दर्ज की गई किसी भी प्राथमिकी पर तीन साल के भीतर सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा चलाया जाएगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 160 साल पुराने कानूनों को खत्म करने वाले तीन नए कानूनों के तहत, 2027 के बाद भी देशभर में कोई भी एफआईआर दर्ज की जा सकेगी। पूरी व्यवस्था लागू होने में अभी दो साल और लगेंगे। हालाँकि, इस कानून की बदौलत 2027 के बाद दर्ज की गई किसी भी एफआईआर पर तीन साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा चलाया जा सकेगा।

अमित शाह ने आगे बताया कि इन कानूनों के लागू होने के एक साल के भीतर ही राजस्थान में दोषसिद्धि दर में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पहले दोषसिद्धि दर केवल 42% थी। तीन नए कानून लागू हुए हैं और अभी केवल एक साल ही हुआ है, फिर भी यह दर बढ़कर 60% हो गई है। जब ये पूरी तरह से लागू हो जाएँगे, तो दोषसिद्धि दर 90% तक पहुँच जाएगी। इन कानूनों में सभी प्रकार के वैज्ञानिक तरीकों का प्रावधान है।

## डबल इंजन सरकार में युवा शक्ति बन रही है राष्ट्र शक्ति : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ, 13 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि डबल इंजन सरकार (केन्द्र और राज्य) में युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति बन रही है। मुख्यमंत्री योगी, युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री के वितरण के लिए लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन सरकार में युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति बन रही है। योगी ने कहा कि राज्य भर में 1.05 लाख से ज्यादा युवक व महिला मंगल दल सक्रिय हैं और उन्हें जमीनी स्तर पर खेलों व सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन रैकेट और अन्य उपकरणों से युक्त खेल किट प्रदान की गई हैं।

उन्होंने कहा, खेल व्यक्तियों को स्वस्थ रखते हैं और टीम वर्क की भावना को मजबूत करते हैं। गांव में शुरू होने वाली प्रतियोगिता विधायक और सांसद स्तर के खेल टूनामेंट में विकसित हो सकती हैं। मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजनों की शुरूआत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समाज में प्रगति की कुंजी है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर जारी विधायक खेल महोत्सव हजारों युवाओं को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान कर रहा है। योगी ने युवक और महिला मंगल दलों से खेलों से आगे बढ़कर गांवों में सामाजिक, सांस्कृतिक और लोक परंपराओं को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, जैसे हम खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं, वैसे ही लोकगीतों और प्रदर्शनों के माध्यम से हमारी पुश्तैनी परंपराओं को पुनर्जीवित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम होने चाहिए।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इरफान सोलंकी के खिलाफ आपराधिक मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगाई



**इलाहाबाद, 13 अक्टूबर।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ कानपुर की एक अदालत में लंबित वसूली व धोखाधड़ी के आपराधिक मामले में सुनवाई पर सोमवार को रोक लगा दी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट समीर जैन ने सोलंकी की याचिका पर यह आदेश दिया। सोलंकी ने आरोप पत्र और 15 नवंबर, 2022 को जारी समन सहित मुकदमे की सुनवाई को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की थी।

इरफान सोलंकी और सह आरोपी रिजवान सोलंकी के खिलाफ कानपुर नगर के जाजमऊ थाने में छह फरवरी, 2022 को तत्कालीन भारीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 386 (व्यक्ति को डराकर वसूली करना) और अन्य धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया था।

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि सोलंकी अपने साथियों के साथ मिलकर कुछ गरीब लोगों की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते थे और शिकायतकर्ता अकील अहमद द्वारा आपत्ति करने पर आरोपियों ने उसे धमकाया व 10 लाख रुपये देने की मांग की। इरफान सोलंकी के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल निर्दोष है और उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है। उन्होंने अदालत में कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह झूठे हैं और घटना के समय सोलंकी विधायक थे इसलिए राजनीतिक दुश्मनी की वजह से उन्हें निशाना बनाया गया। याचिकाकर्ता के वकील और अपर शासकीय अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई पर रोक लगा दी और अगली सुनवाई 17 नवंबर के लिए निर्धारित कर दी।

## राहुल गांधी के वोट चोरी वाले आरोपों की नहीं होगी एसआईटी जांच, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका




**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा कई चुनावों में मतदाता सूची में विसंगतियों के आरोपों की विशेष जाँच दल (एसआईटी) से जाँच कराने की माँग वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से संपर्क कर सकता है। हालाँकि याचिकाकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि शीर्ष चुनाव निकाय ने उसके समक्ष याचिका प्रस्तुत किए जाने के बाद कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया, कथित तौर पर जनहित में दायर की गई रिट याचिका पर विचार नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने कहा, याचिकाकर्ता उपलब्ध वैकल्पिक उपायों का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) गांधी ने कई मौकों पर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार पर 'वोट चोरी' में लिप्त होने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग मोदी सरकार की मदद कर रहा है, इस आरोप को चुनाव आयोग ने खारिज कर दिया है और कांग्रेस सांसद से सबूत दिखाने को कहा है।

हालांकि, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अपने रुख पर अड़े रहे हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि 'वोट चोरी' इस समय देश का मुख्य मुद्दा बना हुआ है। अपने आरोपों में, उन्होंने यह भी दावा किया है कि महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव 'फिक्स' थे। रायबरेली से लोकसभा सांसद ने इस साल सितंबर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था। उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव चुरा लिए। हमने हाल ही में कर्नाटक में यह साबित कर दिया है। इसलिए, मुख्य मुद्दा वोट चोरी है। हर जगह लोग 'वोट चोर' का नारा लगा रहे हैं। हालांकि, भाजपा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि गांधी के दावे बेबुनियाद हैं। पार्टी ने कहा सच तो यह है कि कांग्रेस 1984 के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद से लगातार गिरावट की ओर बढ़ रही है, जब राजीव गांधी ने 48 प्रतिशत से ज्यादा वोट शेयर और 543 लोकसभा सीटों में से 414 सीटों के साथ भारी जीत हासिल की थी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत



**बांदा, 13 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गये तीनों लोग एक ही परिवार के थे।

बबेरू क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सौरभ सिंह ने बताया कि रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे कमासिन कस्बे के पछौहां रोड पर बालू से लदे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में मोटरसाइकिल सवार रामप्रताप यादव (55) और उसके भतीजों रामजस (21)और सुरेश (22)की मौत हो गई।

अधिकारी ने बताया कि ये तीनों परसौली के निवासी थी। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग देर शाम बीरा गांव अपने रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में जा रहे थे कि तभी यह हादसा हो गया।

अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद फरार हुए चालक की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद तीनों शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम से रामबिलास पाठक ने किया सदीक्षा भेंट



**मुंबई।** मुंबई भाजपा अध्यक्ष विधायक अमित साटम से दादर स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई उपाध्यक्ष रामबिलास पाठक ने सदीक्षा भेंटकर शाल पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।और कई अन्य राजनीतिक विषयों पर चचाएँ हुई।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950




## मुंबई में बहुमंजिला व्यवसायिक इमारत में आग लगी

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर इलाके में सोमवार दोपहर नौ मंजिला बिजनेस पार्क में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि घाटकोपर (पश्चिम) में श्रेयस टॉकीज के पास एलबीएस रोड पर स्थित नौ मंजिला बिजनेस पार्क में अपराह्न 2:35 बजे आग लगने की सूचना मिली। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग व्यावसायिक इमारत के भूतल तक ही सीमित रही।



### विश्व मानक दिवस- 14 अक्टूबर, 2025

# विश्वास का वैश्विक सेतु और व्यापारिक समरसता का आधार



-ललित गर्ग

-विश्व मानक दिवस प्रत्येक वर्ष 14 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस उस अदृश्य व्यवस्था का उत्सव है जो हमारे जीवन, उद्योग, व्यापार और सुरक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करती है। मानकीकरण केवल कोई तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विश्वसनीयता, सुरक्षा, पारदर्शिता और आपसी सहयोग की ऐसी बुनियाद है जो मानव जीवन की सहजता और स्थिरता का आधार बनती है। इस दिवस का उद्देश्य यह स्मरण कराना है कि किसी भी उत्पाद, सेवा या व्यवस्था की उपयोगिता तभी टिकाऊ और भरोसेमंद हो सकती है जब उसमें निर्धारित मानक और गुणवत्ता की कसौटी कायम हो। विश्व मानक दिवस उन हजारों विशेषज्ञों और कर्मयोगियों को सम्मान देने का भी अवसर है जो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बैठकर विश्व के हित में ऐसे मानक तय करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सुरक्षा के साथ-साथ जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मानककीकरण की भूमिका पर जोर देना है, जो सबके लिए समान हों, निष्पक्ष हों और मानवता की सुरक्षा और प्रगति के लिए हों। यह दिवस 1946 में हुई पहली बैठक की याद में मनाया जाता है, जिसमें 25 देशों के प्रतिनिधि लंदन में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना के लिए एकत्र हुए थे, जो मानकीकरण पर अपने प्रयासों को केंद्रित करेगा। हालांकि अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन का गठन किया गया था, लेकिन पहला विश्व मानक दिवस 1970 में ही मनाया गया। विश्व मानक दिवस का उद्देश्य जनता को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना है। अर्थात स्वास्थ्य सेवा से लेकर तकनीक तक, लगभग हर क्षेत्र के उत्पादों और सेवाओं में सुरक्षा, विश्वसनीयता और गुणवत्ता। 2025 की थीम ह्यसहयोगह्न है, जो प्रगति को संभव बनाने के लिए साझेदारी के महत्व को दर्शाती है। यह सहयोग की शक्ति और इस विश्वास का प्रमाण है कि हम अपने-अपने हिस्सों के योग से भी अधिक शक्तिशाली हैं। साथ मिलकर काम करके, हम लोगों को स्थिरता की चुनौतियों का सीधा सामना करने के लिए वास्तविक समाधानों से सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो ने इस वर्ष की थीम को ह्यसतत विकास लक्ष्य: लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक साझेदारी के रूप में रखा है। एक बेहतर विश्व निर्माण के लिए साझा दृष्टिकोण का विशेष महत्व है, इस दिवस को मनाने का लक्ष्य उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देना और उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।



आज जब वैश्वीकरण, तकनीकी तीव्रता, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संकट और आपूर्ति श्रृंखला जैसी जटिल चुनौतियाँ सामने हैं, तब मानकीकरण का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। मानक ही वह भाषा हैं जिनसे विश्व के देश एक-दूसरे को समझ पाते हैं। जब कोई वस्तु या सेवा एक निश्चित मानक के अनुरूप होती है, तो उसे किसी भी देश में स्वीकार किया जा सकता है। इससे व्यापार सहज होता है, उपभोक्ता का भरोसा बढ़ता है और देशों के बीच परस्पर निर्भरता मजबूत होती है। यही कारण है कि मानकीकरण को विश्व व्यापार की आत्मा कहा जाता है। इससे केवल आर्थिक लाभ नहीं होता, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को भी सुनिश्चित करता है।

विश्व मानक दिवस के इस सन्देश के विपरीत आज की राजनीति में कई बार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं जो विश्व व्यापार और आपसी सहयोग की भावना को कमजोर करते हैं। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपनाई जा रही अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ नीति इसका उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रतिस्पर्धा के नाम पर आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाकर एक प्रकार से व्यापार युद्ध का वातावरण बना दिया है। यह नीति केवल व्यापारिक हितों को नहीं बल्कि वैश्विक संतुलन को भी प्रभावित कर रही है। टैरिफ की यह दीवारें देशों के बीच अविश्वास बढ़ाती हैं, कीमतों में वृद्धि करती हैं और आपूर्ति श्रृंखला को असंतुलित करती हैं। आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ने से उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है, उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ती है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गति धीमी पड़ जाती है। विश्व व्यापार संगठन ने पहले ही चेताया है कि ऐसी टैरिफ नीतियाँ वैश्विक व्यापार वृद्धि को घटा रही हैं और निवेशकों में अस्थिरता पैदा कर रही हैं। टैरिफ केवल कर या शुल्क नहीं होते, वे राष्ट्रों के बीच विश्वास का संकेत भी होते हैं। जब कोई देश बार-बार अपने आर्थिक हितों की आड़ में ऊँचे शुल्क लगाता है, तो अन्य राष्ट्र प्रतिकार के रूप में अपने दरवाजे बंद करने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि जो विश्व पहले एक साझा बाजार की ओर बढ़ रहा था, वह फिर से सीमाओं और अविश्वास की जंजीरों में बँधने लगता है। ऐसे में विश्व मानक दिवस यह सन्देश देता है कि दुनिया को जोड़ने का वास्तविक माध्यम व्यापारिक शुल्क नहीं बल्कि मानकीकरण है। मानक देशों को एक साझा धरातल प्रदान करते हैं, जहाँ उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा का विश्वास इतना मजबूत होता है कि किसी अतिरिक्त शुल्क या रोक की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। मानकीकरण दरअसल विश्वास का पुल है जो सीमाओं के आर-पार लोगों, वस्तुओं और विचारों को जोड़ता है। जब एक देश दूसरे देश के मानकों को स्वीकार करता है, तो यह आपसी सम्मान और पारदर्शिता का प्रतीक होता है। इसी प्रक्रिया से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सरलता आती है, सुरक्षा और गुणवत्ता की गारंटी मिलती है और उपभोक्ता हित सुरक्षित रहते हैं। मानकीकरण की यह प्रक्रिया न केवल औद्योगिक या व्यापारिक है बल्कि यह मानवीय भी है। इसके मूल में समानता, निष्पक्षता और सहयोग की भावना निहित है। यह वह दर्शन है जो कहता है कि विश्व एक परिवार है और सबकी भलाई में ही अपनी भलाई है। अतः जब कोई राष्ट्र टैरिफ या प्रतिबंधों की दीवार खड़ी करता है, तो वह इस विश्व परिवार के बीच विभाजन की रेखा खींचता है। मानक उन रेखाओं को मिटाते हैं और संबंधों को जोड़ते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि मानकीकरण केवल औद्योगिक मंच तक सीमित न रहे, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय नीति का भी आधार बने। विश्व के सभी देश मानकों के निर्धारण में समान भागीदारी करें ताकि कोई भी राष्ट्र या कंपनी इस प्रक्रिया पर वर्चस्व न जमा सके। छोटे और विकासशील देशों को भी अंतरराष्ट्रीय मानक संस्थाओं में समान अवसर मिले ताकि वे अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से वैश्विक व्यापार में समान रूप से शामिल हो सकें। इसके साथ ही प्रमाणन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना आवश्यक है ताकि छोटे उद्योग भी मानक के अनुरूप अपने उत्पादों को विश्व स्तर पर प्रस्तुत कर सकें। विश्व मानक दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मानवता की प्रगति केवल आर्थिक शक्ति में नहीं बल्कि उस सहयोग और विश्वास में है जो मानकीकरण के माध्यम से संभव होता है। अतिशयोक्ति पूर्ण टैरिफ जैसी नीतियाँ क्षणिक राजनीतिक लाभ तो दे सकती हैं, पर वे विश्व के समन्वित विकास और आपसी विश्वास को नष्ट करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी राष्ट्र मानकीकरण की भावना को अपनाएँ और विश्व व्यापार को किसी प्रतिस्पर्धा या प्रतिशोध का माध्यम न बनाकर साझेदारी और साझा उन्नति का माध्यम बनाएँ।

मानकीकरण ही वह अदृश्य तंतु एवं बुनियादी आधार है जो दुनिया को एकजुट रखता है। यह न केवल उत्पादन और व्यापार में गुणवत्ता लाता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में विश्वसनीयता और सुरक्षा का भाव जगाता है। विश्व मानक दिवस इस विचार का प्रतीक है कि जब तक हम समान मानकों और साझा मूल्यों से नहीं जुड़ते, तब तक विश्व की एकता अधूरी है। इसलिए इस दिवस पर यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि हम ऐसी नीतियों से दूर रहें जो विभाजन उत्पन्न करें, और मानकीकरण की उस साझा राह पर चलें जो सबके लिए विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। संपूर्ण मानक प्रणाली सहयोग पर आधारित है।

# विश्व मंच पर आत्मनिर्भर भारत का ब्रांड हैंडमेड कारपेट भदोही



-सुरेश गांधी

गंगा के किनारे बसा एक शांत शहर, जहां हवा में ऊन की गंध है, करघों की थाप है और बुनकरों की आंखों में सपनों का रंग। यही है भदोही, वह नगरी, जहां धागे बोलते हैं, रंग गाते हैं और हर कालीन भारत की आत्मा की कहानी कहता है। सदी दर सदी इस भूमि ने कला को केवल जिया नहीं, उसे जन-जन की सांसों में पिरो दिया। यही वह भूमि है जिसने दुनिया को सिखाया कि सुंदरता केवल चित्रों में नहीं, बल्कि श्रम, साधना और संस्कृति के संगम में होती है। यही वजह है भारत की धरती पर जब सुई और धागे से संस्कृति का ताना-बाना बुना जाता है, तो उसमें भदोही की पहचान स्वर्णाक्षरों में दर्ज होती है। गंगा-वरुणा के दोआब में बसा यह शहर न केवल कालीनों का उत्पादन करता है, बल्कि भारत की आत्मा को बुनता है। ह्लसिटी ऑफ कार्पेट्सह्ल के नाम से प्रसिद्ध भदोही में इस वर्ष आयोजित 49वां इंडिया कारपेट एक्सपो 2025 उस गौरवशाली परंपरा का उत्सव बन गया है, जिसने स्थानीय बुनकरों की कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है।

एशिया के सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन प्रदर्शनी मंच पर जब भदोही की बुनाई के रंग बिखरे, तो विदेशी खरीदार भी भारत की मिट्टी में रची इस अद्भुत शिल्पकला के कायल हो उठे। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के सूत्रों को साकार करती यह कला अब डिजिटल युग में नए आयाम गढ़ रही है। कहा जा सकता है यह आयोजन केवल व्यापार का मेला नहीं, बल्कि कला का महाकुंभ बन गया। एशिया का यह सबसे बड़ा हस्तनिर्मित कालीन उत्सव भदोही की मिट्टी में जन्मे उस गौरव का प्रतीक बन उठा, जिसने ह्लमेक इन इंडियाह्ल के स्वप्न को यथार्थ का आकार दिया। दूर-दूर से आए विदेशी प्रतिनिधि जब इन करघों से निकले कालीनों पर झुके, तो उन्हें भारत की संस्कृति, करुणा और करघों की खामोश भाषा का सौंदर्य देखने को मिला।

भदोही की पहचान उसकी करघों की मधुर थाप और बुनकरों के हाथों की लय में है। यहां का हर कालीन केवल धागों से नहीं, बल्कि पीढ़ियों की मेहनत, संस्कृति और भावनाओं से बुना जाता है। मुगल काल से लेकर आधुनिक युग तक, भदोही के कालीनों ने विश्वभर में भारतीय हस्तकला की अमिट छाप छोड़ी है। गांव-गांव में फैले बुनाई केंद्र आज भी उस परंपरा को जीवित रखते हैं, जिसे कभी शिल्प की साधना कहा गया था। खास यह है कि भदोही के कालीन पूरी तरह हाथों से बने होते हैं, हर धागा, हर पैटर्न एक कहानी कहता है। यहां के कलाकार ऊन, रेशम और सूती धागों को मिलाकर ऐसी बुनावट रचते हैं, जिसमें रंगों का संतुलन और डिजाइन की सटीकता अद्वितीय होती है। इन कालीनों की विशेषता यह है कि कोई दो कालीन एक समान नहीं होते, हर कृति में बुनकर की आत्मा समाहित होती है।

जहां एक ओर भदोही की बुनाई परंपरा का प्रतीक है, वहीं आज यह शहर तकनीकी नवाचार का केंद्र भी बन रहा है। डिजाइनिंग सॉफ़्टवेयर, कंप्यूटर-एडेड पैटर्न, और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स ने बुनकरों को सीधे वैश्विक बाजार से जोड़ा है। सरकार की ह्लवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टह्ल (ओडीओपी) योजना और मेक इन इंडिया मिशन के तहत भदोही को विशेष प्रोत्साहन मिला है। इससे न केवल निर्यात बढ़ा है, बल्कि हजारों परिवारों को स्थायी आजीविका भी मिली है। मतलब साफ है भदोही के कालीन केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का हिस्सा हैं। ये कालीन जब यूरोप या अमेरिका के ड्रॉइंगरूम में बिछते हैं, तो उनके ताने-बाने में भारतीय संस्कृति की आत्मा बसी होती है। यही कारण है कि विदेशी बाजार में ह्लइंटरनेशनल मार्केट या यूं कहे डोमोटेक्सह्ल आज गुणवत्ता और विश्वसनीयता का प्रतीक बन गया है। देखा जाएं तो भदोही की बुनकर बस्तियों में हर घर एक कला-विद्यालय है, जहां धैर्य, श्रम और सृजन का पाठ पढ़ाया जाता है। यह शहर दिखाता है कि स्थानीय कारीगरी में ही वैश्विक अर्थव्यवस्था का भविष्य छिपा है। इंडिया कारपेट एक्सपो जैसे आयोजन न केवल व्यापार के अवसर हैं, बल्कि भारत की रचनात्मक आत्मा का उत्सव भी हैं। भदोही के कालीनों की यह बुनावट आने वाले वर्षों में भी आत्मनिर्भर भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास का अभिन्न सूत्र बनी रहेगी। जहाँ हर करघा भारत की आत्मा बुनता है, और हर धागा कहता है, यह मिट्टी अभी भी जिंदा है...सीईपीसी के प्रशासनिक सदस्य रहे उमेश कुमार गुप्ता का कहना है कि भदोही में बुनाई कोई व्यवसाय नहीं, यह एक पूजा है, एक ऐसी साधना, जिसमें हर बुनकर ईश्वर के स्पर्श को अपने धागों में खोजता है। यहां का हर घर एक छोटा सा शिल्पालय है। बच्चे धागों से खेलते हैं, महिलाएं रंगों को पहचानती हैं, और वृद्ध बुनकर पुराने पैटर्नों में नई कल्पना का रंग भरते हैं।

यहाँ बुनाई के साथ धैर्य, श्रद्धा और परिश्रम का रिश्ता है। हर करघे पर गूँजती थाप दरअसल एक प्रार्थना है, ह्लहे विधाता, इस धागे को इतना मजबूत बना दे कि इसमें जीवन की बुनावट टिक सके।ह्ल मतलब साफ है भदोही का कालीन केवल एक सजावटी वस्तु नहीं, यह भारत के इतिहास, संस्कृति और लोककला का सजीव दस्तावेज है। इसमें मुगल काल की नक्काशी की झलक है, फारसी प्रभाव की बारीकी है और भारतीय लोकजीवन की आत्मीयता है। ऊन, रेशम और सूती धागों से बने ये कालीन सर्दी की ऊष्मा से कहीं अधिक दिल की गर्मी देते हैं। एक बुनकर जब करघे पर बैठता है, तो वह केवल रंग नहीं भरता, वह अपने जीवन की कहानी लिखता है। हर गाँठ में उसका अनुभव, हर पैटर्न में उसका विश्वास और हर डिजाइन में उसकी आशा समाहित होती है।

वासिफ अंसारी कहते है एक्सपो 2025 ने भदोही को फिर से विश्व मानचित्र पर केंद्र में ला खड़ा किया। कार्पेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय आयोजन में विश्व के 65 से अधिक देशों से आए खरीदारों ने भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों की कला को नमन किया। भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी और जयपुर के बुनकरों ने अपने-अपने बूथों पर वह जादू रचा, जहाँ परंपरा और आधुनिकता हाथ मिला रहे थे। अमेरिका से लेकर जर्मनी तक के प्रतिनिधि जब भारतीय कालीनों के बूथों पर पहुँचे, तो उनकी आँखों में केवल व्यापार नहीं, बल्कि विस्मय था, कैसे एक साधारण गाँव का बुनकर इतनी अद्भुत कलाकृति रच सकता है! एक विदेशी खरीदार ने कहा हम कालीन खरीदने आए थे, पर लौटते वक्त अपने साथ कहानियां ले जा रहे हैं। यही तो भदोही की असली पहचान है।

आज भदोही केवल परंपरा का प्रहरी नहीं, नवाचार का केंद्र भी है। कंप्यूटर एडेड डिजाइन, ऑनलाइन ऑर्डर सिस्टम, और डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म्स ने यहाँ के बुनकरों को सीधे वैश्विक उपभोक्ता से जोड़ा है। ह्लवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना ने इस जिले की तकदीर बदली है, सरकारी मदद, डिजाइन इनोवेशन सेंटर, और प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने बुनकरों को नया आत्मविश्वास दिया है। अब वही हाथ जो कभी केवल करघा चलाते थे, मोबाइल से डिजाइन भेजते हैं, और वही घर जो कभी गाँव के चैपाल थे, आज मिनी-वर्कशॉप्स बन चुके हैं। भदोही की बुनकर बस्तियाँ आज भारत की आत्मनिर्भरता की प्रयोगशाला हैं। यहाँ महिलाएं भी करघों पर बैठी हैं, युवा डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर सीख रहे हैं, और बुजुर्ग पुराने पैटर्नों को डिजिटल रूप दे रहे हैं। कभी जिन गलियों में श्रम था पर सम्मान नहीं, अब वहाँ श्रम गौरव है। कभी जिन करघों की आवाज गरीबी की पुकार लगती थी, आज वही करघे समृद्धि का संगीत बजा रहे हैं।

भदोही का कालीन केवल सजावट नहीं, यह संवाद है। यह बताता है कि कला कभी मरती नहीं, वह केवल रूप बदलती है। हर पैटर्न में जीवन की जटिलता है, हर रंग में संतुलन की शिक्षा है। यहाँ का हर धागा भारतीय दर्शन का प्रतीक है, कर्म, श्रम और समर्पण का। जब कोई विदेशी इसे अपने ड्रॉइंग रूम में बिछाता है, तो उसे पता भी नहीं चलता कि उसके पैरों के नीचे कोई बुनकर का सपना सांस ले रहा है। भदोही ने दुनिया को यह सिखाया कि आत्मनिर्भरता केवल उद्योग नहीं, एक दृष्टि है, वह दृष्टि जो मिट्टी से सोना बनाना जानती है। यहाँ का हर बुनकर इस बात का प्रमाण है कि भारत की असली ताकत मशीनों में नहीं, बल्कि मनुष्यों के हाथों में है। इंडिया कारपेट एक्सपो 2025 भले कुछ दिनों में समाप्त हो जाएगा, लेकिन भदोही की बुनाई से जो संदेश निकला है, वह आने वाले दशकों तक गूंजेगा, भारत की आत्मा अभी भी करघों पर सांस लेती है।

**इंडिया कारपेट एक्सपो 2025 ने इस वर्ष चैथी बार भदोही में अपने आयोजन से एक नया इतिहास रचा। अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी देशों से आए सैकड़ों विदेशी खरीदारों ने भारत के हस्तनिर्मित कालीन उद्योग में गहरी रुचि दिखाई। कार्पेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) द्वारा आयोजित इस मेले में लगभग 150 से अधिक भारतीय निर्यातक कंपनियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। भदोही, मिजार्पुर, वाराणसी और जयपुर जैसे केंद्रों के बुनकरों ने अपनी कृतियों से दुनिया को दिखाया कि भारत की पारंपरिक कला आधुनिकता से कदमताल कर सकती है। मतलब साफ है ह्लसिटी ऑफ कार्पेट्सह्ल में बुन रही है परंपरा, कला और आत्मनिर्भर भारत की कहानी. भदोही की बुनकर बस्तियां आज भारत की आत्मनिर्भरता की प्रयोगशाला हैं। यहां महिलाएं भी करघों पर बैठी हैं, युवा डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर सीख रहे हैं, और बुजुर्ग पुराने पैटर्नों को डिजिटल रूप दे रहे हैं। कभी जिन गलियों में श्रम था पर सम्मान नहीं, अब वहाँ श्रम गौरव है। कभी जिन करघों की आवाज गरीबी की पुकार लगती थी, आज वही करघे समृद्धि का संगीत बजा रहे हैं। हर पैटर्न में जीवन की जटिलता है, हर रंग में संतुलन की शिक्षा है। यहां का हर धागा भारतीय दर्शन का प्रतीक है, कर्म, श्रम और समर्पण का। जब कोई विदेशी इसे अपने ड्रॉइंग रूम में बिछाता है, तो उसे पता भी नहीं चलता कि उसके पैरों के नीचे कोई बुनकर का सपना सांस ले रहा है**

# तानाशाह के खिलाफ, लोकतंत्र के समर्थन में संघर्षो को शांति का नोबेल



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

जब दुनियाँ अशांति के दौर से गुजर रही हो, तब शांति के नोबेल पुरुस्कार की महत्ता बढ़ जाती है। इस पुरुस्कार की महत्ता तब और भी बढ़ जाती है, जब अमेरिका जैसे शक्ति सम्पन्न राष्ट्र के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस पुरुस्कार को पाने की इच्छा जताते हुए मुहीम चला रहे हो। अपने राजनैतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर अन्य देशों के नेताओं से सार्वजनिक बयान दिलवा रहे हो। दुनियाँ यह भी जानती है की नोबेल पुरुस्कार देने वाली संस्था का वैश्विक स्तर पर नाम है। संस्था की विश्वनीय चयन प्रक्रिया है। संस्था द्वारा चयनित नाम अविवादित एवं पुरुस्कार प्राप्ति के योग्य होते है। अपने नाम एवं विश्वास के अनुरूप इस संस्था ने नोबेल शांति पुरुस्कार के सम्मान को बनाए रखा है। वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरुस्कार वैनेजुएला की विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाड़ो को दिए जाने की घोषणा की गयी। मारिया लोकतंत्र समर्थक नेता होकर अपने देश वैनेजुएला में बिखरे पढ़े विपक्ष को एक करने की कोशिश के साथ तानाशाह के खिलाफ 20 बरसों से लोकतंत्र की स्थापना हेतु संघर्षशील है।

नोबेल शांति पुरुस्कार दुनियाँ के प्रतिष्ठित पुरुस्कारों में से एक है। यह स्वीडिश उद्योगपति, आविष्कारक और हथियार निमार्ता अल्फ्रेंड नोबेल की इच्छा से स्थापित पांच पुरुस्कारों में से एक है। इन पुरुस्कारों में शांति, रसायन विज्ञान, भौतिकी, फिजियोलाजी या चिकित्सा और साहित्य में नोबेल पुरुस्कार शामिल है। नोबेल की वसीयत के अनुसार प्राप्तकर्ता का चयन नार्वे की संसद द्वारा नियुक्त पांच सदस्यीय समिति नार्वेजियन नोबेल समिति द्वारा किया जाता है। नोबेल पुरुस्कारों की शुरूआत 1901 में हुई थी। अल्फ्रेड नोबेल जिन्होंने विस्फोटक डायनामाइट का आविष्कार किया था। उन्होंने अपनी मृत्यु से पूर्व अपनी सम्पत्ति का बड़ा हिस्सा एक ट्रस्ट के लिए सुरक्षित रख दिया था, ताकि हर साल मानव जाति के कल्याणकारी काम करने वालों को सम्मानित किया जा सके। शुरूआत में यह पुरुस्कार पांच क्षेत्र में दिया जाता था, लेकिन 1969 में अर्थशास्त्र के क्षेत्र को भी इसमें शामिल किया गया।

वर्ष 2025 का शांति का नोबेल पुरुस्कार वैनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को देते हुए नोबेल समिति ने कहा कि आज जब दुनियाँ के कई हिस्सों में तानाशाही बढ़ रही है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है, ऐसे समय मारिया मचाडो जैसे लोगो कि हिम्मत उम्मीद जगाती है। समिति ने कहा लोकतंत्र ही स्थाई शांति कि शर्त है। जब सत्ता हिंसा और डर के जरिये जनता को दबाने लगती है तो ऐसे साहसी लोगो को सम्मान देना जरुरी हो जाता है। मचाड़ो ने सुमाते नामक संगठन कि स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। वें देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग करती है। नोबेल कमेटी ने कहा उन्होंने पुरुस्कार के तीन मापदंडो को पूरा किया। उन्होंने विपक्ष को एकजुट किया, सैन्यकरण के खिलाफ लगातार खडी रही और लोकतंत्र को समर्थन दिया। उन्होंने लोकतंत्र में ऐसे भविष्य की उम्मीद जगाई है, जहां नागरिकों के मूल अधिकार सुरक्षित हो और उनकी आवाज सुनी जाए और वह शांति से जी सके। मचाडो को वैनेजुएला की आयरन लेडी कहा जाता है। उन्होंने पुरे देश को एकजुट किया ताकि वें देश के तानाशाह राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को चुनाव में हरा सके।

नोबेल शांति पुरुस्कार की घोषणा पर दुनियाँ नजर गड़ाए हुए थी। अमेरिकी राष्ट्र पति डोनाल्ड ट्रम्प सार्वजनिक रूप से अपनी मंशा जाहिर कर चुके थे। उन्होंने अपने राजनैतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर दुनियाँ के देशो से अपने नाम का समर्थन भी करा लिया था जिन आठ देशो ने ट्रम्प को नोबेल देने की वकालत की उनमे पाकिस्तान, इजरायल, अमेरिका, आर्मीनिया, अजरबेजान, माल्टा, कम्बोड़िया शामिल है। घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने राइटर न्यूज ऐजेंसी को कहा की नोबेल कमेटी ने एक बार फिर साबित कर दिया की वें शांति से ज्यादा राजनीति को तहरीज देते है।

इन सब घटनाक्रमों से यह जाहिर है की विश्व के शक्तिशाली देश कहे जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मन में विश्व के सबसे प्रतिष्ठित शांति पुरुस्कार पाने की लालसा थी। मन में उपजी इस मंशा को उन्होंने जाहिर भी किया और इस हेतु मुहीम भी चलाई दुनियाँ के ताकतवर देश के राष्ट्रपति के द्वारा शांति का नोबेल पाने मंशा को सार्वजनिक करना नोबेल समिति के लिए एक चुनौती जरूर थी। किंतु इस कमेटी ने अपने नाम और प्रतिष्ठा के अनुरूप मोचाडो का चयन कर इस पुरुस्कार के प्रति दुनियाँ के लोगो के विश्वास को बढ़ाया है। चयन समिति ने लोकतात्रिक मूल्यों के पक्ष में संघर्षरत एक छोटे से देश की विपक्ष की नेता को यह सम्मान देकर दुनियाँ में लोकतान्त्रिक मूल्यों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है।

नोबेल पुरुस्कार के गौरव से अनेकों भारतीय भी सम्मानित हो चुके है। जिन्होंने अपने क्षेत्र में मानव कल्याण के प्रतिमानों को छुआ है। ऐसे भारतीय नागरिकों में रविंद्र नाथ टैगोर साहित्य, सी.वी. रमन भौतिकी, हरगोविंद खुराना चिकित्सा, मदर टेरेसा शांति, सुब्रह्मणयन चंद्रशेखर भौतिकी, अमृतय सेन अर्थ शास्त्र, वेंकटरमन रामकृष्णन रसायन विज्ञान, कैलाश सत्यार्थी शांति, अभिजीत बनर्जी अर्थशास्त्र, वी.एस नायपाल साहित्य शामिल है।

सम्मान या पुरुस्कार देने के पीछे पवित्र संदेश होता है। यह संदेश दुनियाँ के लोगो को प्रेरित करता है। ऐसे समय जब दुनियाँ के देशों में अशांति चरम पर है। तानाशाही प्रवृतियों के द्वारा लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा हो, जनता की स्वतन्त्रताओं पर कुठाराघात किया जा रहा हो। मारिया कोरिना मचाडो ने छोटे से देश वैनेजुएला में लोकतंत्र के लक्ष्य को स्थापित करने के लिए 20 बरसों से तानाशाह शासक के विरुद्ध किया जाने वाला संघर्ष मायने रखता है। नोबेल कमेटी ने यह भी साबित किया की सत्ताधारी नहीं विपक्षी नेता के रूप में किया जाने वाले संघर्ष मायने रखता है। नोबेल शांति पुरुस्कार के प्रति व्हाइट हाउस भले नाराजी जता रहा हो, किंतु दुनियाँ में स्वतंत्रता, समानता एवं लोकतंत्र के पक्षधर नागरिकों के मन में नोबेल शांति पुरुस्कार के प्रति आदर सम्मान में वृद्धि हुई है। बधाई मारिया, कोरिना मचाड़ो आप वैनेजुएला में लोकतंत्र बहाली की लड़ाई में सफल हो, बधाई के पात्र तो 2025 के नोबेल शान्ति पुरुस्कार की चयन समिति भी है जिन्होंने एक पावर फूल देश के राष्ट्रपति की जाहिर मंशा को दरकिनार करते हुए एक छोटे से देश में लोकतंत्र बहाली की लड़ाई को तहरीज देते हुए दुनियाँ को सकारात्मक संदेश दिया है।

# गुरुहीन स्कूल, अधूरा भविष्य- शिक्षा व्यवस्था पर संकट की दस्तक



हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था इस समय एक गहरे संकट से गुजर रही है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी ने न केवल पढ़ाई की गुणवत्ता को प्रभावित किया है, बल्कि बच्चों के भविष्य पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। हाल ही में आई रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश में 12,000 से अधिक शिक्षक पद रिक्त हैं। यह संख्या केवल एक प्रशासनिक आँकड़ा नहीं, बल्कि उन हजारों बच्चों की उम्मीदों का प्रतीक है जो अपने जीवन की दिशा तय करने के लिए इन स्कूलों पर निर्भर हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि कुछ जिलों में एक-एक शिक्षक पर 100 से अधिक बच्चों की जिम्मेदारी आ चुकी है। हरियाणा जैसे शिक्षित और विकसित राज्य में यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। एक ओर सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य पूरे करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर स्कूलों में ब्लैकबोर्ड तक खाली हैं। शिक्षक समाज की नींव होते हैं, वे केवल पढ़ाई नहीं कराते बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। जब इन स्कूलों में गुरुजी ही न हों, तो बच्चों का मनोबल, सीखने की क्षमता और भविष्य सभी खतरे में पड़ जाते हैं।

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि राज्य के विभिन्न विभागों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया वर्षों से अधर में लटकी हुई है। बार-बार घोषणाएँ होती हैं, पदों का विज्ञापन निकलता है, लेकिन या तो चयन प्रक्रिया धीमी रहती है या फिर नियुक्तियाँ समय पर नहीं हो पातीं। नतीजा यह है कि हजारों स्कूल ऐसे हैं जहाँ या तो एक ही शिक्षक पूरी जिम्मेदारी उठा रहा है, या फिर अस्थायी आधार पर ह्लगेस्ट टीचरह्ल व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। यह स्थिति बच्चों के हित में नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि एक शिक्षक पर अधिकतम 30-35 विद्यार्थियों से अधिक का बोझ नहीं होना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि शिक्षक व्यक्तिगत ध्यान दे सकें और सीखने की प्रक्रिया को सार्थक बनाया जा सके। मगर नूंह, पलवल, महेंद्रगढ़ जैसे जिलों में यह अनुपात 1:100 तक पहुँच गया है। यह केवल एक शैक्षणिक समस्या नहीं बल्कि सामाजिक असमानता की कहानी भी कहता है। क्योंकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे वही हैं जिनके माता-पिता निजी शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकते। इस वर्ग के लिए सरकारी स्कूल ही एकमात्र आशा हैं, और जब इन स्कूलों की दशा ऐसी हो जाए, तो समाज का भविष्य ही संकट में पड़ जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 में 14,295 नए पदों पर भर्ती की घोषणा की थी। लेकिन जिस गति से प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, उसे देखकर लगता है कि यह लक्ष्य 2025 के अंत तक भी पूरा नहीं हो पाएगा। शिक्षकों की भर्ती के लिए लंबी प्रक्रिया, कोर्ट के केस, दस्तावेजी जाँच, रिजर्वेशन विवाद, और विभागीय सुस्ती – सब मिलकर स्थिति को और जटिल बना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, जो शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनकी जगह तुरंत नई नियुक्ति नहीं की जा रही। इसका अर्थ यह हुआ कि रिक्तियों की संख्या समय के साथ बढ़ती ही जा रही है। हरियाणा के कुछ जिलों में हालात इतने खराब हैं कि स्कूलों में एक ही शिक्षक हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन सब कुछ पढ़ा रहा है। नतीजतन, बच्चों की समझ कमजोर होती जा रही है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में पास करवाना नहीं बल्कि सोचने, समझने और समाज में योगदान देने की क्षमता विकसित करना होता है। लेकिन ऐसी परिस्थितियों में बच्चों को केवल औपचारिक शिक्षा मिल रही है, वास्तविक ज्ञान नहीं।

शिक्षक केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के विकास की रीढ़ हैं। उनके बिना कोई भी नीति, कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। शिक्षक का होना ही विद्यालय की आत्मा का होना है। जब शिक्षकों की कमी होती है, तो स्कूल भवन तो रह जाते हैं, लेकिन शिक्षा का सार कहीं खो जाता है। सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या लगातार घट रही है क्योंकि अभिभावक अब निजी स्कूलों की ओर झुक रहे हैं। लेकिन निजी स्कूल हर वर्ग के लिए सुलभ नहीं। ग्रामीण इलाकों में तो कई बार सरकारी स्कूल ही शिक्षा का एकमात्र माध्यम हैं। जब यहाँ संसाधन नहीं, शिक्षक नहीं और सुविधाएँ नहीं, तो शिक्षा केवल एक दिखावा बनकर रह जाती है। राज्य सरकार ने कई बार दावा किया है कि शिक्षकों की भर्ती जल्द पूरी की जाएगी, लेकिन जमीनी स्तर पर बदलाव न के बराबर है। शिक्षा विभाग की फाइलें कार्यालयों में घूमती रहती हैं जबकि स्कूलों में बच्चे बिना पढ़ाई के दिन बिताते हैं। शिक्षा के इस संकट को दूर करने के लिए केवल घोषणाएँ काफी नहीं होंगी, बल्कि ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। सबसे पहले तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर विद्यालय में विषयवार पर्याप्त संख्या में शिक्षक हों। साथ ही, जो पद लंबे समय से रिक्त हैं, उन्हें अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी भर्ती के माध्यम से भरा जाए। गेस्ट टीचर व्यवस्था एक अस्थायी उपाय थी, लेकिन अब यह स्थायी समाधान बन गई है, जो कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए नुकसानदायक है। दूसरा, शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन में पारदर्शिता लाई जाए। कई बार होता यह है कि कुछ स्कूलों में शिक्षक अधिक होते हैं जबकि कुछ स्कूलों में एक भी नहीं। यह असमान वितरण भी एक बड़ी समस्या है। डिजिटल तकनीक की मदद से इस स्थिति को संतुलित किया जा सकता है। तीसरा, शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जो शिक्षक सेवा में हैं, उन्हें समय-समय पर नई शिक्षण तकनीकों और पद्धतियों का प्रशिक्षण मिले ताकि वे बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ सकें। सरकार को यह समझना होगा कि शिक्षा खर्च नहीं बल्कि निवेश है। जब राज्य शिक्षा पर ध्यान देता है, तभी उसका सामाजिक और आर्थिक विकास संभव होता है। यदि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी, तो आने वाले वर्षों में यह कमी देश की उत्पादकता, नवाचार और सामाजिक सद्भाव पर सीधा असर डालेगी। हरियाणा ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है – उद्योग, खेल, कृषि और प्रशासन में राज्य की पहचान बनी है। लेकिन शिक्षा में यह कमी उस छवि को धूमिल कर रही है। हर बच्चा तभी सक्षम नागरिक बनेगा जब उसे बचपन से उचित मार्गदर्शन और शिक्षा मिलेगी। स्कूलों में शिक्षकों की कमी केवल एक प्रशासनिक गलती नहीं बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी का उल्लंघन भी है। शिक्षक ही वह कड़ी हैं जो समाज और ज्ञान को जोड़ती है। जिस दिन हम इस कड़ी को कमजोर कर देंगे, उसी दिन समाज में अंधकार फैलने लगेगा। बच्चे जब बिना शिक्षक के स्कूल जाते हैं, तो यह केवल एक शैक्षणिक विफलता नहीं बल्कि राष्ट्र की असफलता भी है। अब समय आ गया है कि सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। केवल भवन बनाना, स्मार्ट क्लास लगाना या किताबें बांटना पर्याप्त नहीं है। इन सबका अर्थ तभी है जब हर कक्षा में शिक्षक खड़ा हो, बच्चों की आँखों में सवाल हों और उन सवालों के जवाब देने वाला कोई गुरु मौजूद हो।

शिक्षा के प्रति लापरवाही का सबसे बड़ा नुकसान आने वाली पीढ़ी भुगतेगी। एक शिक्षक की अनुपस्थिति का अर्थ है सैकड़ों बच्चों की क्षमता का अधूरा रह जाना। इसीलिए यह केवल एक विभागीय मसला नहीं, बल्कि समाज का प्रश्न है। यदि हरियाणा को वास्तव में ह्लशिक्षा राज्यह्ल बनाना है तो सबसे पहले शिक्षकों की कमी को दूर करना होगा। सरकार को चाहिए कि वह भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, त्वरित और निष्पक्ष बनाए। साथ ही, शिक्षकों को उनके योगदान के अनुरूप सम्मान और प्रोत्साहन मिले। हरियाणा के शिक्षा मंत्री से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक सभी को इस मुद्दे की गंभीरता को समझना चाहिए। यदि शिक्षा पर निवेश नहीं किया गया, तो भविष्य में यह सबसे बड़ी सामाजिक चुनौती बन जाएगी। स्कूलों में ब्लैकबोर्ड खाली हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा खाली हैं बच्चों के सपने, जो शिक्षक के बिना अधूरे हैं। शिक्षक केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज के विचारों, संस्कारों और भविष्य का निर्माणकर्ता है। हरियाणा में शिक्षकों की कमी ने यह साबित कर दिया है कि शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ कमजोर हो चुकी है। अब जरूरत है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं। हर बच्चे का अधिकार है कि उसे शिक्षित किया जाए, और यह अधिकार तभी पूरा होगा जब हर स्कूल में शिक्षक मौजूद हो। - डॉ. सत्यवान सौरभ

# पांच युवकों ने किशोरी से किया सामूहिक दुष्कर्म, मुख्य आरोपी समेत 2 गिरफ्तार

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को चार युवकों ने किशोरी से सामूहिक गैंगरेप की दुस्साहसिक घटना को अंजाम दिया। दरिंदों के चंगुल से छूटी किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। परिजन आननफानन हरौनी चौकी पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। राजधानी में सामूहिक दुराचार की सूचना फ्लैश होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।इसके बाद डीसीपी निपुण अग्रवाल, एडीसीपी बसंत कुमार, एसीपी विकास पांडे भी मौके पर पहुंचे और आरोपियों को पकड़ने के सख्त निर्देश दिए। शनिवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान वारदात में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा एक अन्य आरोपी को हरौनी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस टीम छापेमारी कर रही है।

डीसीपी दक्षिणी निपुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि बंथरा थाना क्षेत्र के रहने वाले परिजनों ने चार युवकों पर किशोरी (17) से सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। किशोरी इलाके के ही एक कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा है। किशोरी अपनी बड़ी बहन के घर शनिवार दोपहर करीब 12 बजे गई थी। लौटते वक्त बनी-मोहान रोड स्थित हरौनी पेट्रोल पंप के पास अचानक 4-5 अज्ञात युवक उसके पास पहुंचे और सुनसान इलाके में ले जाकर डरा धमका कर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आरोपियों के जाने के बाद किशोरी ने घटना की सूचना बहनोई और परिजनों को दी, केस दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

डीसीपी दक्षिणी निपुण कुमार अग्रवाल के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। हालांकि शनिवार देर रात तक दो आरोपियों ललित और मेराज को गिरफ्तार कर लिया गया है। ललित को मुठभेड़ में पकड़ा गया है उसके पैर में गोली लगी है। उसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनीनगर में इलाज चल रहा है। ललित का साथी छोटू और अन्य आरोपी फरार हैं। सभी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# इलाज कराने लाई बहू अस्पताल में छोड़कर भागी

## वाराणसी में 6 दिन से लावारिस वार्ड में पड़ी बुजुर्ग महिला बोलीं, मुझे घर पहुंचा दो

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। कबीरचौरा अस्पताल में इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। आजमगढ़ की रहने वाली 80 वर्षीया गुलैछी मौर्या को उनकी बहू इलाज कराने के बहाने वाराणसी लेकर आई और फिर अस्पताल में ही छोड़कर भाग गई। बीते 6 दिन से बुजुर्ग महिला अस्पताल के लावारिस वार्ड में भर्ती हैं, और हर आने-जाने वाले व्यक्ति से एक ही गुहार लगा रही हैं 'मुझे घर पहुंचा दो।

**अस्पताल में अमन कबीर ट्रस्ट कर रहा देखभाल:** कबीरचौरा अस्पताल के लावारिस वार्ड के बेड नंबर-6 पर भर्ती गुलैछी मौर्या की देखभाल अब अमन कबीर ट्रस्ट के कार्यकर्ता कर रहे हैं। ट्रस्ट के संस्थापक अमन कबीर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक बुजुर्ग महिला लावारिस हालत में पड़ी हैं। जब वे पहुंचे तो दादी की हालत बहुत खराब थी और उन्होंने तीन दिन से कुछ नहीं खाया था। बातचीत में महिला ने अपना नाम और गांव बताया तथा घर पहुंचाने की विनती की।

**बहू इलाज कराने लाई थी, फिर रात में छोड़कर चली गई:** गुलैछी मौर्या ने बताया, मेरे दो बेटे है राममिलन और वीरेंद्र। राममिलन की पत्नी सावित्री देवी मुझे इलाज कराने बनारस लाई थी। दो दिन तक साथ रही, फिर एक रात अचानक कहीं चली गई। तब से कोई नहीं आया। महिला का आरोप है कि बहू ने इलाज के नाम पर उनके खाते से पैसे भी निकाले थे।

**अस्पताल रिकॉर्ड में पोते का नाम दर्ज:** कबीरचौरा अस्पताल की हेड नर्स के मुताबिक, 6 अक्टूबर की शाम 5:58 बजे गुलैछी मौर्या को एडमिट किया गया था। उनके



साथ पोता सुनील कुमार मौर्या और बहू सावित्री देवी थे। सुनील ने अटेंडेंट के रूप में अपना नाम और फोन नंबर दर्ज कराया था, लेकिन रात 9 बजे वह चला गया। अगले दिन सुबह सावित्री भी अस्पताल से निकल गई और वापस नहीं लौटी।

**अस्पताल ने दी पुलिस को सूचना:** अगली सुबह जब दवा और नाश्ते की जरूरत पड़ी, तो स्टाफ ने घरवालों को बुलाने को कहा। लेकिन कोई नहीं आया। नर्स ने बताया कि उन्होंने पोते को कई बार कॉल किया, पर फोन बंद मिला। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

**हमें घर भिजवा दीजिए, बुजुर्ग महिला ने की विनती:** गुलैछी मौर्या ने पुलिस से कहा, अगर बहू और पोता मुझे नहीं ले जाना चाहते, तो मुझे आजमगढ़ के बेलइसा पहुंचा दीजिए। वहां मेरी सब्जी की आढ़त है, मैं खा-कमा लूंगी। मेरे रिश्तेदार भी वहीं हैं।

**पोते ने किया इंकार॥ बोला, वो हमारी कोई नहीं:** अमन कबीर ने बताया कि 12 अक्टूबर को जब हॉस्पिटल स्टाफ ने दोबारा पोते सुनील को फोन किया, तो उसने हैरान कर देने वाला जवाब दिया। वह बोला॥ वो हमारी कोई नहीं हैं, हमें सड़क पर लावारिस मिली थीं। अब पुलिस ने सुनील को जल्द वाराणसी बुलाया है, ताकि बुजुर्ग महिला से आमने-सामने मिलाकर मामले की सच्चाई स्पष्ट की जा सके।

**अगर परिवार नहीं आया तो वृद्धा आश्रम भेजने की तैयारी:** अमन कबीर ने कहा कि अगर गुलैछी मौर्या के परिजन उन्हें लेने नहीं आते, तो उन्हें सारनाथ स्थित वृद्धा आश्रम में रखा जाएगा। फिलहाल उनके घरवालों से संपर्क करने की कोशिश जारी है।

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर पूर्वांचल की दो बेटियां चमकीं

## कैंसर, कोविड के औषधि खोज के शोध पर मिला पुरस्कार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की दो छात्राओं ने बॉयोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट शोध के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय और पूर्वांचल का नाम रोशन किया। लखनऊ स्थित हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वेलनेस कॉन॥2025 में एम.एससी. बॉयोटेक्नोलॉजी की छात्रा आतिफा हफीज को कोविड-19 और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु औषधि खोज पर आधारित उनके शोध एवं




प्रभावशाली ऑरल प्रेजेंटेशन के लिए प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं, श्रेया सिंह को कैंसर रिसर्च और सेल डेथ मैकेनिज्म पर आधारित नेक्रोप्टोसिस से कोशकीय मृत्यु में बीसीएल-2 प्रोटीन के प्रभाव पर उनके पोस्टर प्रेजेंटेशन के लिए द्वितीय पुरस्कार दिया गया। यह उपलब्धि विभाग के शिक्षक डॉ. मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और 9 पद्मश्री सम्मानित विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति वाले इस प्रतिष्ठित मंच पर हासिल हुई। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की यह दोहरी सफलता न केवल शिक्षा और शोध के उच्च मानकों को दर्शाती है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का प्रतीक है।

# विवाद में महिला के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी

**दिनेश विश्वकर्मा**

मछलीशहर जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र के रामपुर कटाहित गांव में दुर्गा पूजा के दौरान हुए विवाद में महिला के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी इसरावती देवी पत्नी शोभचन्द्र ने थाना मछलीशहर में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह 1 अक्टूबर 2025 को सुबह लगभग 10 बजे अपने पड़ोसी कन्हैयालाल के यहां स्थापित दुर्गा प्रतिमा की पूजा में शामिल होने गई थीं। इसी दौरान गांव में नन्हे गुप्ता निवासी वारी के बारे में चर्चा चल रही थी कि वे रात में इधर-उधर घूमते हैं। इसी बात को लेकर विपक्षी रीना यादव पुत्री वंशराज यादव निवासी रामपुर कटाहित से कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई।

आरोप है कि इसी दौरान नन्हे गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने लात-घूंसों से प्रार्थिनी को मारना शुरू कर दिया। इस बीच रीना यादव का पुत्र आर्यन यादव तथा ग्राम प्रधान ईश्वर चन्द्र पुत्र पारसनाथ यादव भी मौके पर आ गए और उन्होंने भी धक्का-मुक्की करते हुए गाली-गलौज की। घटना में इसरावती देवी एवं उनके पुत्र को चोटें आईं।

प्रार्थिनी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी पक्ष ने धमकाते हुए कहा कि यदि उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो उन्हें फर्जी मुकदमे में फँसा देंगे और जान से मार देंगे। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। इसरावती देवी ने प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर से उक्त विपक्षियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# किन्नर प्रिया संग शादी का झांसा, प्रेमी पर लगाया शोषण और ठगी का आरोप

## प्रिया किन्नर ने अपने प्रियतम पर लगाया शोषण व धोखाधड़ी का आरोप, तीन लाख रुपये हड़पने की पुलिस से की शिकायत

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। प्यार के झूठे वादों और छलावे की एक दर्दनाक कहानी सामने आई है। नगर से सटे बिलारमऊ की रहने वाली प्रिया किन्नर ने जिसे वह अपना पति बताती है। उस पर धोखाधड़ी, शारीरिक व मानसिक शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। प्रिया ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है, परंतु उनका कहना है कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।



जानकारी के अनुसार, अकबरपुर अम्बेडकरनगर के फैजाबाद रोड थमसा मार्ग की रहने वाली 21 वर्षीय प्रिया किन्नर साल 2022 में क्षेत्र में एक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम करने आई थी। इसी दौरान प्रिया की मुलाकात बिलारमऊ निवासी एक युवक से हुई थी। मुलाकात जल्द ही दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई। युवक ने प्रिया को शादी का झांसा देकर अपने प्रेमजाल में फँसा लिया। कुछ समय बाद दोनों ने सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह भी कर लिया। प्रिया का आरोप है कि शादी के बाद युवक का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। उसने प्रिया से लगातार पैसे की मांग शुरू कर दी। प्रिया का कहना है कि उसने अपने पास से करीब तीन लाख रुपये उसे दिए, जो उसने वापस नहीं किए। धीरे-धीरे युवक ने प्रिया से दूरी बना ली और अब उसे अपनी पत्नी मानने से इंकार कर रहा है।

प्रिया बताती हैं कि वह पहले नगर के चिरैया मोड़ क्षेत्र में रहती थीं, लेकिन हाल के विवादों के बाद उन्होंने बिलारमऊ में किराये का मकान ले लिया है, जहाँ अब अकेली रह रही हैं। उनका कहना है कि उन्होंने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत थाने में दी है, मगर पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता प्रिया का कहना है कि मैंने सच्चे दिल से उस व्यक्ति से शादी की थी, लेकिन उसने मेरे साथ विश्वासघात किया। अब मैं केवल न्याय चाहती हूँ। सोमवार को प्रिया ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए अनुरोध किया है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए ताकि उसे उचित दंड मिल सके और भविष्य में किसी और के साथ इस तरह की घटना न हो।

**नहीं उठा प्रभारी निरीक्षक का फोन:** इस सम्बंध में जानकारी हेतु प्रभारी निरीक्षक किरण कुमार सिंह से दूरभाष पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो कई बार मोबाइल से सीयूजी नम्बर पर फोन किया गया। मगर फोन रिसीव नही हो पाया।

# धमार्पुर में युवक घायल, गोली लगने की आशंका

## पेंटिंग का काम कर लौटते समय हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धमार्पुर गांव में पेंटिंग का काम कर रविवार की रात लौट रहा एक युवक काशीनाथ सरोज संदिग्ध रूप से छर्रा लगने से घायल हो गया उसके पैर में चोटें आई हैं और गोली लगने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना धमार्पुर बाजार से लगभग 500



मीटर पहले रास्ते में हुई। घायल काशीनाथ सरोज ने बताया कि उन्हें पीछे से एक धमाके की आवाज सुनाई दी और वह गिर गए। उनके पैर के घुटनों के नीचे 8-10 जगहों पर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर सीओ रजत कुमार और गौराबादशाहपुर थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव जिला अस्पताल पहुंचे और घायल से पूछताछ की। सीओ केराकत अजीत कुमार रजक ने बताया कि मेडिकल जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि युवक को गोली लगी है या नहीं अभी रिपोर्ट नही मिली है फिलहाल थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिली है गोली की कोई ऐसी बात तहरीर में नहीं दी गई है उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# दालमंडी चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई, जल्द चलेगा बुलडोजर

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। दालमंडी चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के तहत, बुलडोजर कार्रवाई से पहले नोटिस चस्पा किए जा रहे हैं। प्रशासन ने इस कार्य के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। नोटिस चस्पा करने के माध्यम से दुकानों और मकानों को खाली करने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है।

इस चौड़ीकरण के अंतर्गत कुल 180 दुकानों और मकानों का ध्वस्तीकरण किया जाना है। यह कदम काशी विश्वनाथ मंदिर के रास्ते को चौड़ा करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। प्रस्तावित चौड़ीकरण के बाद, यह रास्ता 17.5 मीटर चौड़ा होगा। दालमंडी वाराणसी का सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है और पूर्वांचल की सबसे बड़ी मंडी भी मानी जाती है।

प्रशासन का कहना है कि यह कदम क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुधारने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक है। काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास के क्षेत्र में बढ़ती भीड़ और यातायात की समस्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने स्थानीय व्यापारियों और निवासियों से सहयोग की अपील की है, ताकि इस प्रक्रिया को सुगमता से पूरा किया जा सके।

नोटिस चस्पा करने के दौरान, प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। स्थानीय निवासियों को पहले से सूचित किया गया है और उन्हें अपनी संपत्तियों को खाली करने के लिए समय दिया गया है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो लोग समय पर अपनी संपत्तियों को नहीं खाली करेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

दालमंडी क्षेत्र में यह चौड़ीकरण कार्य न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि स्थानीय व्यापारियों के लिए भी नए अवसर उत्पन्न करेगा। प्रशासन का मानना है कि इस क्षेत्र का विकास वाराणसी के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दालमंडी चौड़ीकरण की प्रक्रिया ने स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के बीच चिंता का विषय बना दिया है। हालांकि, प्रशासन का कहना है कि यह कदम लंबे समय में सभी के लिए फायदेमंद साबित होगा। सभी की सहमति और सहयोग से ही इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकेगा।

# इंडोनेशिया में भारत की डॉक्टर ज्याहेदा खानम व गौरी यसूफ के चित्रों ने मचाई धूम

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। इंडोनेशिया के जकार्ता में स्थित इस्लामिक सेंटर गैलरी में चित्रकला एवं कैलीग्राफी कला प्रदर्शनी का उद्घाटन, जकार्ता के वाइस गवर्नर नूर सलाह ने फीता काटकर किया। इस प्रदर्शनी के संयोजक भारत के मशहूर क्यूरेटर गोरी यूसुफ हुसैन हैं। इस अवसर पर जकार्ता इस्लामिक सेंटर के महासचिव मुहय्युद्दीन इशाक और सूचना विभाग के प्रमुख आफिफुद्दीन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समिति के सदस्य दीपू खिरुल इस्लामी और खानम आर्ट गैलरी प्रयागराज की निदेशक मशहूर कलाकार जाहेदा खानम, हन्नी फितरिया, अद्रियन देसमावती, असरुल, आंधी अजहार नाबिल, सरिता गाल भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

भारत के कैलीग्राफी कलाकार गौरी युसूफ एवं डॉ. जाहेदा खानम के चित्रों की इंडोनेशिया के दर्शकों के विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। प्रदर्शनी भारतीय इस्लामी कला और संस्कृति को बढ़ावा देने






के उद्देश्य से आयोजित की गई है। जिसमें विभिन्न देशों के कलाकारों की कृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। भारत के प्रसिद्ध अकादमी चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा, एमिनेंट आर्टिस्ट तलत महमूद, कसीम फारूकी, राजेंद्र भारती, शुभम कशवाहा, नीरज हिंदुस्तानी इत्यादि कलाकारों ने इंडोनेशिया में भारत का मान बढ़ाने के लिए डॉ. जाहेदा खानम एवं गौरी यसूफ को बधाई दी है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रदर्शनी में पहुंचकर छात्रों का किया उत्साहवर्धन

## टी0डी0 इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं जनपद स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टी.एल.एम.) प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी जौनपुर एवं पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा टी0डी0



इंटर कॉलेज, जौनपुर में दिनांक 13.10.2025 को आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 2025 एवं जनपद स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टी.एल.एम.) प्रदर्शनी 2025 में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यालय परिसर में प्रदर्शित विभिन्न विज्ञान प्रोजेक्ट एवं शिक्षण सामग्री का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए मॉडल्स, प्रयोगों एवं शिक्षण सामग्रियों के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उनके नवाचार, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्रों को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में निरंतर सीखने, प्रयोग करने और नई खोजों के प्रति उत्साही बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में सृजनशीलता, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी गईं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# गौराबादशाहपुर में गो तस्करों ने की भैंस चोरी

रियाजुल हक, गौराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र के बंजारेपुर कस्बे में बृहस्पतिवार रात गो तस्करों ने दो भैंस चोरी करने का प्रयास किया। ग्रामीणों के जागने और शोर मचाने पर तस्कर एक भैंस छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, तस्करों ने सबसे पहले सदरे आलम के पुत्र अरबाज की एक भैंस को पिकअप वाहन में लादा। इसके बाद वे गौराबादशाहपुर थाना मोड़ पर पहुंचे। थाना मोड़ पर पिकअप खड़ा कर तस्कर रामदुलार राजभर की भैंस को वाहन में लादने लगे। इसी दौरान रामदुलार की पत्नी एक गाय के चिल्लाने की आवाज सुनकर जाग गईं। उन्होंने देखा कि कुछ लोग पिकअप पर भैंस लाद रहे हैं। उनके परिजनों को बुलाने और शोर मचाने पर गो तस्कर भैंस छोड़कर भाग निकले। इस संबंध में चौकी इंचार्ज रवि प्रकाश ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चोरों का पदार्फाश कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# सरायख्वाजा पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बच्ची के साथ अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले 01 वांछित आरोपी को सूचना प्राप्त होने के 24 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार। घटना का संक्षिप्त विवरण, थाना सरायख्वाजा पर वादिनी द्वारा दिनांक-12.10.2025 को लिखित तहरीर के साथ सूचना दी कि मेरी पुत्री जो कक्षा 09 की छात्र है,पास के गांव में मेला देखने गयी थी। मेले मे मेरे दूर का रिस्तेदार रोहित यादव उर्फ डैन्जर पुत्र राधे यादव निवासी ग्राम भटेवरा थाना सरायख्वाजा जौनपुर द्वारा मेरी लड़की को बहला फुसलाकर जौनपुर होटल मे लेकर गया तथा मेरी लड्की से सम्बन्ध बनाया और अगली सुबह मछलीशहर छोड्कर भाग गया। जिसके आधार पर थाना




सरायख्वाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-608/2025 धारा 64(1),87, 351(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पाक्सो एक्ट बनाम रोहित यादव उर्फ डेन्जर पुत्र राधेश्याम यादव निवासी भटेवरा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का विवरण-** प्र0नि0 सरायख्वाजा के नेतृत्व में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 608/2025 धारा (2) बी0एन0एस0 व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 वांछित आरोपी रोहित यादव उर्फ डेन्जर पुत्र राधेश्याम यादव निवासी भटेवरा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी उपरोक्त को छबिलेपुर से आज दिनांक-13.10.2025 को समय करीब 08.45 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया जायेगा।

# ओबरा में बीसीएस इंटरप्राइजेज खदान बना खतरा

## ग्रामीण बोले– ब्लास्टिंग से उड़ते पत्थर जानलेवा, पानी छोड़े जाने से खेती चौपट

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। जनपद के ओबरा तहसील के बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में स्थित बीसीएस इंटरप्राइजेज की खदान स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान में नियमों की अनदेखी कर धड़ल्ले से हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे आसपास के घरों में दरारें पड़ गई हैं और लोगों की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है।



कोठा टोला के ग्रामीणों ने बताया कि ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर उड़कर उनके घरों तक पहुंचते हैं। कई बार बच्चों और पालतू पशुओं को चोट लगने की नौबत आ जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि खदान संचालक मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे कच्चे मकानों की दीवारें तक गिर चुकी हैं। स्थानीय निवासी बाबा लाल ने बताया किब्लास्टिंग की वजह से हमारे मकानों की छतें टूट गईं और दीवारों में दरारें आ गई हैं। एक-दो बार तो दीवारें गिर भी चुकी हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि खदान करीब 200 फीट गहरी है और पूरी तरह पानी से भरी हुई है। इस पानी को मोटर लगाकर खेतों में छोड़ा जा रहा है, जिससे खेती बर्बाद हो रही है। पिछले पांच सालों से लगातार इस पानी के कारण किसानों की फसलें चौपट हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस वजह से उनकी डेढ़ बीघे तक की खेती को भारी नुकसान हुआ है।

ग्रामीण वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ब्लास्टिंग के वक्त इतनी तेज आवाज और कंपन होता है कि पूरी बस्ती हिल जाती है। लोग अपने बच्चों को लेकर भागने पर मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन सिर्फ आश्वासन देता है, कोई कार्रवाई नहीं होती।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि खदान के पानी में बच्चे नहाते हैं और उसके ठीक पास ही अत्यधिक गहरी खदानें हैं, जिनमें गिरने का डर बना रहता है। खदान में न तो कोई फेंसिंग है और न ही सुरक्षा के इंतजाम। बीते शनिवार को भी ब्लास्टिंग की गई, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द ही खदान संचालन पर नियंत्रण नहीं किया गया तो वे आलाधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत करेंगे।

## राजावाडी रुग्णालय स्थित क्रस्ना डायग्नोस्टिक केंद्र प्रमुख से विशेष मुलाकात



**मुंबई।** बृहन्न मुंबई महानगरपालिका अंतर्गत घाटकोपर (पूर्व) स्थित राजावाडी रुग्णालय के क्रस्ना डायग्नोस्टिक केंद्र में एक विशेष भेंटवार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर केंद्र प्रमुख शैलेश दिनेश कुमार त्रिवेदी तथा गणेश से सौहार्दपूर्ण चर्चा की गई। चाय पर हुई इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ तथा टीम से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उनका आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर परिवर्तन संघटना, भामला फाउंडेशन से जुड़े समाजसेवक सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), श्रद्धा गोरगे ज्योतिष सहित कई समाजसेवक एवं समाजसेविकाएँ उपस्थित रहे। इस मुलाकात के दौरान क्रस्ना डायग्नोस्टिक द्वारा समय-समय पर दी जा रही सेवाओं की सराहना की गई एवं भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई।

## गोरियाकोठी और महाराजगंज विधानसभा के लिए कुल आठ 8 एनआर, एक ने भरा पर्चा



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार विधानसभा चुनाव 20-25 के लिए सीवान जिला के 111- गोरियाकोठी,112-महाराजगंज विधानसभा नामांकन के लिए अब तक कुल आठ नजरी रसीद अभ्यर्थियों ने कटाया है।111-गोरिया कोठी विधानसभा से रामायण सिंह प्रत्याशी ने साल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी से अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। वहीं 112-महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र से एक भी प्रत्याशी ने नामांकन के तीसरे दिन भी अपना पर्चा दाखिल नहीं किया है। महाराजगंज अनुमंडल की एसडीओ अनीता सिन्हा ने बताया नामांकन के लिए सभी टेबल पर अधिकारी व नामांकन हेल्प लाइन के कर्मी मौजूद रहते हैं । अभ्यर्थियों के नामांकन में किसी प्रकार की और सुविधा न हो इसके लिए सभी स्तर की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## पटाखे का अवैध दुकान लगाने पर होगी कार्रवाई

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज थाना के अग्निशमन पदाधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि जन सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पटाखों की बिक्री एवं भंडारण पर नियंत्रण और निगरानी की व्यवस्था की गई है। महाराजगंज थाना क्षेत्र में पटाखे की एक भी दुकान बिना लाइसेंस स्थापित नहीं होगी। लाइसेंस की गहनता से जांच की जाएगी। किसी दुकानदार के पास यदि लाइसेंस नहीं मिला तो उसके विरुद्ध सीधे कार्रवाई की जाएगी। अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि पटाखों के अवैध भंडारण पर संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आम जनमानस को भी पटाखों के भंडारण का मामला संज्ञान में आने पर तत्काल मोबाइल नंबर 74844911143 पर सूचना दिया जा सकता है।पटाखे की हर दुकान पर अग्निशमन यंत्र, रेत की बोरी, पानी की बाल्टी तथा अन्य अनिवार्य सुरक्षा उपकरण होने चाहिए। दुकान किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ, विद्युत उपकरण या रसोई गैस सिलेंडर आदि से न्यूनतम सुरक्षित दूरी पर स्थापित होनी चाहिए। स्कूल, अस्पताल, धार्मिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले बाजारों के समीप पटाखे की दुकान स्थापित न होने का निर्देश जारी कर दिया गया है। दुकान प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान एवं मानक दूरी का पालन करते हुए ही संचालित हो सकेगी।

## नामांकन में वारंटी और आपराधिक कांड के आरोपी समर्थक या प्रत्याशी पहुंचे तो होंगे गिरफ्तार : एसडी

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज गोरेयाकोठी-111और महाराजगंज-112 विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया महाराजगंज अनुमंडल कार्यालय में शुरू है। नामांकन को लेकर अनुमंडल कार्यालय में दोनों विधान सभा के लिए अलग-अलग काउंटर बनाया गया हैं। 111-गोरेयाकोठी विधानसभा प्रत्याशी - का नामांकन डीसीएलआर कार्यालय व 112 -महाराजगंज विधानसभा का नामांकन एसडीओ कार्यालय कक्ष में होगा। गोरिया कोठी निवार्ची पदाधिकारी सह - डीसीएलआर अमन आनंद व महाराजगंज निवार्ची पदाधिकारी द्वारा ड्रोप गेट पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी वारंटियों की लिस्ट लेकर मुस्तैद रहते हैं। बताया गया कि नामांकन को लेकर अनुमंडल कार्यालय के 100 मीटर तक बीएनएसएस 163 के तहत प्रत्याशी के तीन वाहन से अधिक नहीं ला सकते है। अनुमंडल कार्यालय में प्रत्याशी सहित 5 प्रस्तावक व समर्थक की प्रवेश की अनुमति है। ड्राप गेट पर ही प्रत्याशी व समर्थक के नाम, पता व वारंट की जांच की जा रही है। अगर कोई वारंटी या अपराधी नामांकन में प्रत्याशी व समर्थक पहुंचे तो उनकी गिरफ्तारी तय है। जांच में कोई भी लापरवाही हुई तो संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई भी होगी।

## विस चुनाव को लेकर जमानत पर छूटे अभियुक्तों पर पुलिस की कड़ी नजर

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार की सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज थाना पुलिस सक्रिय और सतर्क है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने थाना क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक बूथ की सुरक्षा व्यवस्था और अति संवेदनशील बूथों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम को सीवान जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी बूथों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए ,ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अव्यवस्था न होने पावे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराना है, जिसके लिए पुलिस हर स्तर पर सतर्क है। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे चुनाव में प्रशासन को पूर्ण सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थानाध्यक्ष ने दोहराया कि शांतिपूर्ण चुनाव पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष ने कहा जमानत पर छूटे अभियुक्तों पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। उन्होंने बताया उनकी वर्तमान गतिविधियों का सत्यापन पुलिस कर रही है। किसी भी आपराधिक या असामाजिक गतिविधि में संलिप्त होने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी लोगों पर पुलिस की विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार का तनाव की घटना न हो।

## पीएम विजन टू आर्ट प्रतियोगिता की समय सीमा 15 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

**मुंबई।** देश के रचनात्मक समुदाय के लिए एक बड़ी घोषणा, महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक कार्य विभाग ने, एडवरटाइजिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से, बहुप्रतीक्षित टर्न विजन इन टू आटः पीएम विजन टू आर्ट अभियान की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब डिजाइनरों, एजेंसियों और व्यक्तिगत कलाकारों के पास अपने प्रतिष्ठित पोस्टर जमा करने के लिए 15 अक्टूबर 2025 तक का समय है। इससे पहले यह अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2025 थी। समय सीमा बढ़ाए जाने पर टिप्पणी करते हुए, महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि यह पहल सिर्फ एक कला प्रतियोगिता से कहीं अधिक है। मंत्री महोदय ने इस कार्यक्रम के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ॽरचनात्मकता में इतिहास को याद करने और भविष्य की कल्पना करने के तरीके को आकार देने की शक्ति है। 'टर्न विजन इन टू आर्ट देश के रचनात्मक दिमागों के लिए कला के माध्यम से भारत की प्रगति के सार को कैद करने का हमारा आमंत्रण है। यह राष्ट्रव्यापी पहल कलाकारों को भारत की परिवर्तनकारी यात्रा और पिछले दशक में शुरू की गई महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के सार को दृश्यात्मक रूप से प्रस्तुत करने के लिए एक अनूठा आह्वान है। इस अभियान में प्रतिभागियों को विशेष रूप से मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान, आत्मनिर्भर भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्किल इंडिया, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सहित कई प्रभावशाली सरकारी योजनाओं से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। चुनी गई 75 विजेता प्रविष्टियों को महत्वपूर्ण मान्यता और राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार मिलेगा। ये पोस्टर देश भर के प्रमुख कला दीर्घाओं में प्रदर्शित किए जाएंगे और एक विशेष स्मारक कॉफी-टेबल बुक में अमर किए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर रचनात्मक व्याख्याओं को व्यापक स्वरूप देकर लाखों नागरिकों को प्रेरित करना है।

## वसई में भाजपा को नई ताकत: 60 से अधिक कार्यकर्ता विभिन्न दलों से भाजपा में हुए शामिल




वसई। वसई विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जनाधार बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जब विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े 60 से अधिक कार्यकताओं ने सार्वजनिक रूप से भाजपा में प्रवेश किया। यह भव्य पक्षप्रवेश कार्यक्रम वसई पश्चिम के आर.पी. वाघ हाईस्कूल मैदान (महावितरण कार्यालय के सामने, पार नाका) में आयोजित किया गया। इस मौके पर वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने कहा ॽइस पक्षप्रवेश से वसई विधानसभा में भाजपा का संगठनात्मक ढांचा और भी सुदृढ़ हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। भाजपा की विकास यात्रा को इस भागीदारी से नया बल मिला है। पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख नामों में शिवसेना उबाठा विभाग प्रमुख व शिव विधि व न्याय सेना पालघर जिला महासचिव कुणाल कांदे, उपविभाग प्रमुख निखिल हाटे, सोमवार पेठ शाखा प्रमुख जयेश सोलंकी, पिंजारवाढा शाखा प्रमुख सलमान साठे, हाती मोहल्ला प्रमुख फैजल काजी, वसई शहर अध्यक्ष योगेश जाधव, तालुका महासचिव निलेश शिर्के, झेंडाबाजार शाखा प्रमुख यतीन चोरगे, गौलवाडा प्रमुख कौस्तुभ राऊत, महिला आघाडी की अक्सना शेख, तथा अन्य कई युवा और महिला कार्यकर्ता शामिल रही। इस आयोजन में भाजपा ठाणे विभागीय संगठन मंत्री हेमंत म्हात्रे, वसई-विरार शहर जिला अध्यक्ष प्रज्ञा पाटील, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटील, जिला महासचिव बिजेंद्र कुमार, मनोज बारोट, वरिष्ठ नेता केदारनाथ म्हात्रे, शामभाऊ पाटकर, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मैथ्यू कोलासो, जिला सचिव नंदकुमार महाजन, मंडल अध्यक्ष गीतांजलि दरीवाला, वसई पश्चिम मंडल अध्यक्ष आशीष जोशी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी नए सदस्यों का भाजपा में गर्मजोशी से स्वागत किया गया, और उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारियों में भागीदारी का आश्वासन भी दिया गया।

## नेस्ले इंडिया ने वर्ल्ड फूड इंडिया समिट में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ अनुबंध किया




**ठाणे।** नेस्ले इंडिया ने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध के तहत ओडिशा और जहां-जहां इसकी फैक्ट्रियां मौजूद हैं, उन जगहों पर ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाया जाएगा। इस सहमति पत्र पर नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया समिट 2025 में हस्ताक्षर किए गए।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, मनीष तिवारी ने कहा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर ओडिशा और मौजूदा विनिर्माण स्थानों में ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश करने की नेस्ले इंडिया की प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह निवेश अगले 2 से 3 वर्षों के समय सीमा में होगा। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है, जो भारत की विकास यात्रा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा, क्योंकि हम आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ना जारी रखेंगे। नेस्ले इंडिया टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार खाद्य प्रणालियां बनाने पर फोकस करता है, यह ब्रांड्स और बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहा है, जो आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देगा और सभी नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाएगा। इसके अलावा, नए-नए इनोवेशन के माध्यम से यह उपभोक्ताओं तक उत्पादों और अनुभवों को तेजी से, बड़े पैमाने पर और बेहतर तरीके से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नेस्ले इंडिया के कॉर्पोरेट अफेयर्स प्रमुख, कुंवर हिम्मत सिंह ने कहा, भारत में 113 साल से ज्यादा समय से मौजूद नेस्ले इंडिया 100,000 से अधिक किसानों के साथ काम करता है, जिनमें डेयरी, कॉफी, मसाले, गेहूं, गन्ना और चावल के किसान शामिल हैं। सप्लायर्स के साथ हमारी मजबूत साझेदारी भी है।

भारत में हमारे नौ कारखाने बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद बनाते हैं, जो 10,000 वितरकों और 5.2 मिलियन दुकानों के जरिए ग्राहकों तक पहुंचते हैं।

नेस्ले इंडिया की सामाजिक पहलों ने पोषण जागरूकता, शिक्षा, कचरा प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, भोजन सहायता और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता का प्रशिक्षण देकर 1.6 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है। साथ ही, नेस्ले इंडिया समुदाय के कल्याण के लिए गांव गोद लेने की योजनाओं में भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेता है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता ने जन्मदिन पर लिया जनसेवा का संकल्प



**मुंबई।** एंटी करप्शन क्राइम ऑफ इंडिया एलियस भ्रष्टाचार मुक्त भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता जी का जन्मदिन 10 अक्टूबर 2025 को मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके कार्यों की सराहना की। परंतु इस वर्ष दीनदयाल गुप्ता ने अपने पूज्य पिता त्रिलोकनाथ गुप्ता जी के 01 अक्टूबर 2025 को हुए निधन के कारण जन्मदिन का उत्सव नहीं मनाया।

वे अपने पिता के निधन से अत्यंत दुखी हैं और उनकी स्मृति में उन्होंने एक महान संकल्प लिया है। उन्होंने घोषणा की कि संस्था एंटी करप्शन क्राइम ऑफ इंडिया एलियस भ्रष्टाचार मुक्त भारत निकट भविष्य में एक बड़ा अस्पताल स्थापित करेगी, जिसमें लोगों को बेहद कम दामों पर इलाज की सुविधा मिलेगी।

इस अस्पताल में देश-विदेश के कुशल डॉक्टरों को आमंत्रित किया जाएगा ताकि उत्तर प्रदेश की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। गुप्ता जी ने कहा कि ॿआज प्रदेश के कई अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पाता। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज और अन्य सरकारी अस्पतालों की स्थिति चिंताजनक है। जब भी निरीक्षण की सूचना आती है, तब अस्थायी तौर पर दिखावा किया जाता है, पर वास्तविकता अलग होती है। जनता को सिर्फ धोखा मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी संस्था का उद्देश्य जनता को राहत पहुँचाना है और वे अपने पूज्य पिता त्रिलोकनाथ गुप्ता के आदर्शों पर चलकर समाजसेवा को अपना जीवन समर्पित करेंगे। अंत में उन्होंने सभी शुभचिंतकों एवं समर्थकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके स्नेह और आशीर्वाद से ही वे निरंतर समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

## के-पॉप की धुनों पर झूमी मुंबई, के-हार्मनी फेस्टा ने रच दिया नया इतिहास



मुंबई। मुंबई शहर कोरियाई रंगों, संगीत और संस्कृति से सराबोर हो गया जब के-हार्मनी फेस्टा का पहला संस्करण जिओ वर्ल्ड ड्राइव में शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया द्वारा महाराष्ट्र पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जो भारतझकोरिया सांस्कृतिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। हजारों हल्ल्यू प्रशंसकों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन ह्वांग इल योंग,निदेशक, कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया और श्री अतुल पाटणे, प्रधान सचिव, पर्यटन विभाग, महाराष्ट्र सरकार द्वारा किया गया। उनके साथ श्रीमती राधिका रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग; श्री अनुप कुमार सिंह, प्रधान सचिव, गृह विभाग; और यू डोंग वान, मुंबई स्थित कोरिया गणराज्य के महावाणिज्यदूत भी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में अतुल पाटणे ने कहा, ॽयह आयोजन भारत और कोरिया के बीच मित्रता, संस्कृति और साझा मूल्यों का उत्सव है। दोनों देश 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं, जो हमारे साझा आत्मबल और विकास की भावना को दशार्ता है। भविष्य में मैं संस्कृति, पर्यटन और व्यापार जैसे क्षेत्रों में और गहरे सहयोग की कल्पना करता हूँ।

यह मुंबई में आयोजित कोरिया का अब तक का सबसे बड़ा सांस्कृतिक कार्यक्रम था, जिसमें हल्ल्यू या कोरियन वेव की झलक दिखाई गई। पारंपरिक और आधुनिक कोरियाई संस्कृति को दशार्ने वाले प्रदर्शन, अनुभव और ब्रांड शोकेस ने भारतीय दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कोरिया से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। इनमें शामिल थे कुक्कीवोन ताइक्वांडो टीम, एस-फ्लेवा (पारंपरिक संगीत और बी-बॉयिंग का संगम), और कोरियाई पारंपरिक नृत्य दल। लेकिन दिन का सबसे बड़ा आकर्षण रहा आठ सदस्यीय के-पॉप बॉयबैंड यूनाइट का धमाकेदार परफॉर्मेंस।

कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक ंग इल योंग ने कहा, ॽमैं महाराष्ट्र सरकार का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने इस कोरियाई सांस्कृतिक उत्सव को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## संजय कुमार यादव घर से लापता



अम्बरनाथ (उत्तर शक्ति)। संजय कुमार यादव पुत्र श्री राम प्रकाश यादव उम्र 22 वर्ष अंबरनाथ महाराष्ट्र निवासी मेसर्स सांईकृपा कंस्ट्रक्शन चाल न 01, रूम नंबर 07, गांव देवी कंस्ट्रक्शन के पास , गायत्री विद्यालय रोड , नाका के पास डाकघर मगरुल तालुका अम्बरनाथ जिला ठाणे से लापता हुआ है।

उनका पैतृक मूल निवास ग्राम व पोस्ट पूनापर , जिला मऊ, उत्तर प्रदेश मो. न 8657129273 उम्र 22 साल, रंग- गेहूंआ,लंबाई करीब 178 सेमी. अंबरनाथ में रहकर मजदूरी करके जीवन यापन कर रहा था,दिनांक 14/07/2025 को पड़ोसी योगेन्द्र 9619697634 निवासी मलग रोड नेवाली नाका कल्यान एं२३ से कुछ रुपए 300-400 लेकर घर ग्राम व पोस्ट पूनापर थाना घोसी जिला मऊ जाना बताकर निकला था, घर नहीं पहुंचा है, काफी खोजने का प्रयास किया गया परंतु कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है ।

## मतदाता परिचय-पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक आवश्यक




**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। चुनाव आयोग इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता की पहचान के लिये आयोग द्वारा जारी मतदाता का फोटो युक्त परिचय पत्र के साथ-साथ जो 12 अन्य दस्तावेजों को मान्य किया गया है, उनमें ई-मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजी आई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र शासन, राज्य शासन, लोक उपक्रम और पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गऐ जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर वोटर मतदान कर सकते है।

## 15 वर्षों का इंतजार खत्म, ग्लोबल सिटी, विरार पश्चिम में शुरू हुई पानी की आपूर्ति






**विरार।** विरार पश्चिम स्थित ग्लोबल सिटी के निवासियों के लिए 13 अक्टूबर 2025 का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब वसई-विरार नगर निगम (वीवीएमसी) द्वारा पहली बार शुद्ध जल की आपूर्ति शुरू की गई। पिछले 15 वर्षों से पानी की नियमित आपूर्ति की मांग कर रही एच एवेन्यू और जे एवेन्यू की सोसाइटीज के निवासियों के प्रयास अंततः सफल रहे। इस उपलब्धि का जश्न ॽवचनपूर्ति जल उत्सवॽ के रूप में मनाया गया।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर वसई की विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उनके साथ नालासोपारा विधानसभा के विधायक राजन नाईक, भाजपा ठाणे संभाग के संगठन मंत्री हेमंत म्हात्रे, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, तथा सामाजिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध ॽपानीवाला भाऊॽ मयूरेश वाघ भी उपस्थित थे।

इसके अलावा संजय सिंह, मोहित सिंह, प्रकाश काका, ओमप्रकाश, कमलाकांत मिश्रा, अखिलेश, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक, नगरसेवक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस जल आपूर्ति योजना के माध्यम से ग्लोबल सिटी की पुरानी जल समस्या का समाधान हुआ है, जो क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है। इस उपलब्धि ने ना सिर्फ स्थानीय निवासियों को राहत दी है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक प्रयासों को भी सार्थकता प्रदान की है।






